**Series OSR/1/C**

कोड नं.
Code No. **61/1/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **17** printed pages and **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

(ii) **दो** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर (खण्ड क — प्रश्न संख्या 1 से 3) **30** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।

(iii) **पाँच** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर (खण्ड ख — अनुभाग I से IV – प्रश्न संख्या 4 से 11) **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए । **खण्ड ख में अनुभाग IV मूल्यपरक प्रश्न है ।**

(iv) **दस** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर (खण्ड ग — प्रश्न संख्या 12 एवं 13) **500** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।

(v) खण्ड घ वाले प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं । (आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं) (खण्ड घ — प्रश्न सं. 14, 15, 16)

(vi) उत्तर-पुस्तिका के साथ मानचित्र को संलग्न कीजिए (खण्ड ङ – प्रश्न सं. 17.1 और 17.2) ।

**General Instructions :**

(i) Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.

(ii) Answer to questions carrying **2** marks (Part A — Question No. 1 to 3) should not exceed **30** words each.

(iii) Answer to questions carrying **5** marks (Part B — Section I to IV – Question No. 4 – 11) should not exceed **100** words each. **Part B, Section IV is a value based question**.

(iv) Answer to questions carrying **10** marks (Part C — Question No. 12 and 13) should not exceed **500** words each.

(v) Part D questions are based on 3 sources. (internal choices are also given) (Part D — Question No. 14, 15, 16)

(vi) Attach the map with the answer-book (Part E — Question No. 17.1 and 17.2).

## खण्ड क
## PART A

*नीचे दिए **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*
*Answer **all** the questions given below :*

**1.** भारतीय शिलालेख द्वारा 1830 के दशक में की गई एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण प्रगति का उल्लेख कीजिए । इस शोध से राजनीतिक इतिहास को क्या नई दिशा मिली ? *1+1=2*

Mention the most momentous development in Indian epigraphy that took place in the 1830s. How did it give a new direction to political history ?

**2.** कबीर ने 'परम सत्य' के विचार को किस प्रकार वर्णित किया है ? इसके किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख कीजिए । *2*

How has Kabir described the concept of 'Ultimate Reality' ? State any two aspects of it.

**3.** सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दियों में मुग़लों द्वारा बनाए गए शहर क्यों प्रसिद्ध थे ? कोई दो कारण दीजिए । *2*

Why were the Mughal towns famous during sixteenth and seventeenth centuries ? Give any two reasons.

## खण्ड ख
## PART B

### अनुभाग I
### SECTION I

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*
*Answer any **two** of the following questions :*

**4.** हड़प्पावासी शिल्प उत्पादन के लिए किस प्रकार माल प्राप्त करते थे ? स्पष्ट कीजिए । *5*

How did the Harappans procure materials for craft production ? Explain.

**5.** छठी शताब्दी ई.पू. से पितृवंशिक व्यवस्था के आदर्श क्यों मूल्यवान बने ? स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain why the ideal of patriliny became valuable from sixth century BCE onwards.

6. शाहजहाँ बेगम और उनकी उत्तराधिकारी सुल्तान जहाँ बेगम की साँची के स्तूपों के रख-रखाव (परिरक्षण) में भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *5*

Analyse the role of Shahjehan Begum and her successor Sultan Jehan Begum in preserving the stupa at Sanchi.

**अनुभाग II**

**SECTION II**

*निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :*

*Answer any **one** of the following questions :*

7. कृष्णदेव राय ने किस प्रकार अपने साम्राज्य का विस्तार और दृढ़ीकरण किया ? स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain how Krishnadeva Raya expanded and consolidated his empire.

8. *आइन-ए-अकबरी* के लेखक का नाम बताइए । *आइन-ए-अकबरी* के मुख्य उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

Name the author of *Ain-i-Akbari.* Explain the central purpose of the *Ain-i-Akbari.*

**अनुभाग III**

**SECTION III**

*निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :*

*Answer any **one** of the following questions :*

9. बंगाल में सन् 1793 में 'इस्तमरारी बंदोबस्त' लागू करने के कारणों की जाँच कीजिए । *5*

Examine the reasons for introducing 'Permanent Settlement' in Bengal in 1793.

10. 1850 के दशक में अंग्रेज़ों द्वारा अवध के अधिग्रहण के विभिन्न स्तरों की व्याख्या कीजिए । *5*

Explain different stages of the conquest of Awadh by the Britishers during 1850s.

## अनुभाग IV

## SECTION IV

**(मूल्य आधारित प्रश्न / Value Based Question)**

**11.** (11.1) "जैन अहिंसा के सिद्धान्त ने सम्पूर्ण भारतीय चिन्तन परम्परा को प्रभावित किया है ।" इस कथन के प्रकाश में जैन धर्म की अहिंसा अवधारणा का वर्णन कीजिए ।

(11.2) आज के संदर्भ में जैन दर्शन के किन्हीं तीन नैतिक मूल्यों को स्पष्ट कीजिए । *2+3=5*

(11.1) "The principle of Ahimsa emphasised within Jainism has left its marks on Indian thinking as a whole."

In the light of this statement, describe the ideology of Jainism regarding non-violence.

(11.2) Explain any three moral values of the Jaina philosophy in the Contemporary Period.

## खण्ड ग (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

## PART C (Long Answer Questions)

**12.** "मुग़ल काल में ज़मींदार एक शक्तिशाली वर्ग था ।" इस कथन का विवरण दीजिए । *10*

**अथवा**

मुग़ल प्रशासन द्वारा शासकीय आलेखों को किस प्रकार तैयार किया जाता था और उनका रख-रखाव किया जाता था ? मुग़लों के प्रान्तीय प्रशासन की व्याख्या कीजिए । *5+5=10*

"The zamindars were a powerful class in Mughal period." Substantiate the statement.

**OR**

How were the official records kept and maintained by the Mughal administration ? Explain the provincial administration of the Mughals.

**13.** विभिन्न प्रकार के स्रोतों को स्पष्ट कीजिए, जिनसे हम गाँधीजी के राजनीतिक सफ़र तथा भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास को सूत्रबद्ध कर सकते हैं । *10*

**अथवा**

साम्प्रदायिक राजनीति भारत के विभाजन के लिए कहाँ तक उत्तरदाई थी ? क्या विभाजन अपरिहार्य था ? स्पष्ट कीजिए । *7+3=10*

Explain different kinds of sources from which we can construct the political career of Gandhiji and the history of the Nationalist Movement of India.

**OR**

How far was communal politics responsible for the partition of India ? Was partition inevitable ? Explain.

## खण्ड घ (अनुच्छेद आधारित प्रश्न)

## PART D (Source Based Questions)

**14.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**अब तक खोजी गई प्राचीनतम प्रणाली**

नालियों के विषय में मैके लिखते हैं : "निश्चित रूप से यह अब तक खोजी गई सर्वथा संपूर्ण प्राचीन प्रणाली है ।" हर आवास गली की नालियों से जोड़ा गया था । मुख्य नाले गारे में जमाई गई ईंटों से बने थे और इन्हें ऐसी ईंटों से ढँका गया था जिन्हें सफ़ाई के लिए हटाया जा सके । कुछ स्थानों पर ढँकने के लिए चूना-पत्थर की पट्टिका का प्रयोग किया गया था । घरों की नालियाँ पहले एक हौदी या मलकुंड में खाली होती थीं जिसमें ठोस पदार्थ जमा हो जाता था और गंदा पानी गली की नालियों में बह जाता था । बहुत लंबे नालों में कुछ अंतरालों पर सफ़ाई के लिए हौदियाँ बनाई गई थीं । यह पुरातत्त्व का

एक अजूबा ही है कि "मलबे, मुख्यतः रेत के छोटे-छोटे ढेर सामान्यतः निकासी के नालों के अगल-बगल पड़े मिले हैं जो दर्शाते हैं.... कि नालों की सफ़ाई के बाद कचरे को हमेशा हटाया नहीं जाता था।"

अर्नेस्ट मैके, *अर्ली इंडस सिविलाईज़ेशन*, 1948.

जल निकास प्रणालियाँ केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं थीं बल्कि ये कई छोटी बस्तियों में भी मिली थीं । उदाहरण के लिए, लोथल में आवासों के निर्माण के लिए जहाँ कच्ची ईंटों का प्रयोग हुआ था, वहीं नालियाँ पकी ईंटों से बनाई गई थीं ।

(14.1) घरों की अद्वितीय विशेषता क्या थी ? *1*

(14.2) हड़प्पा काल की प्राचीन जल निकास व्यवस्था का वर्णन कीजिए । *3*

(14.3) ढँके नालों के लाभों का उल्लेख कीजिए । *2*

(14.4) जल निकासी के नालों के अगल-बगल पड़े रेत के छोटे-छोटे ढेर क्या दर्शाते हैं ? *2*

## अथवा

### 'उत्तम पुत्रों' का प्रजनन

यहाँ ऋग्वेद से एक मंत्र का अंश उद्धृत है जो इस ग्रंथ में संभवतः लगभग 1000 ई.पू. से जोड़ा गया था । विवाह संस्कार के दौरान यह मंत्र पुरोहित द्वारा पढ़ा जाता था । आज भी अनेक हिंदू विवाह संस्कारों में इसका प्रयोग होता है :

मैं इसे यहाँ से मुक्त करता हूँ किंतु वहाँ से नहीं । मैंने इसे वहाँ मज़बूती से स्थापित किया है जिससे इंद्र के अनुग्रह से इसके उत्तम पुत्र हों और पति के प्रेम का सौभाग्य इसे प्राप्त हो ।

इंद्र शौर्य, युद्ध और वर्षा के एक प्रमुख देवता थे । 'यहाँ' और 'वहाँ' से तात्पर्य पिता और पति के गृह से है ।

(14.1) इंद्र कौन थे ? *1*

(14.2) लोग इंद्र से आशीर्वाद क्यों पाना चाहते थे ? *2*

(14.3) लोग उत्तम पुत्रों की इच्छा क्यों रखते थे ? *2*

(14.4) अनुच्छेद में दिए गए 'ऋग्वेद मंत्र' का उल्लेख कीजिए । आजकल के 'हिन्दू समाज' में इसका किस प्रकार उपयोग किया जाता है ? *2+1=3*

Read the following extracts carefully and answer the questions that follow :

**The most ancient system yet discovered**

About the drains, Mackay noted : "It is certainly the most complete ancient system as yet discovered." Every house was connected to the street drains. The main channels were made of bricks set in mortar and were covered with loose bricks that could be removed for cleaning. In some cases, limestone was used for the covers. House drains first emptied into a sump or cesspit into which solid matter settled while waste water flowed out into the street drains. Very long drainage channels were provided at intervals with sumps for cleaning. It is a wonder of archaeology that "little heaps of material, mostly sand, have frequently been found lying alongside drainage channels, which shows ... that the debris was not always carted away when the drain was cleared."

FROM ERNEST MACKAY, *Early Indus Civilisation,* 1948.

Drainage systems were not unique to the larger cities, but were found in smaller settlements as well. At Lothal for example, while houses were built of mud bricks, drains were made of burnt bricks.

(14.1) What was the unique feature of houses ?

(14.2) Describe the ancient drainage system of the Harappa Period.

(14.3) Mention the advantages of covered drains.

(14.4) What does debris lying alongside drainage channels indicate ?

## OR

### Producing "fine sons"

Here is an excerpt of a mantra from the *Rigveda*, which was probably inserted in the text c. 1000 BCE, to be chanted by the priest while conducting the marriage ritual. It is used in many Hindu weddings even today :

> I free her from here, but not from there. I have bound her firmly there, so that through the grace of Indra she will have fine sons and be fortunate in her husband's love.

Indra was one of the principal deities, a God of valour, warfare and rain. "Here" and "there" refer to the father's and husband's house respectively.

(14.1) Who was Indra ?

(14.2) Why did the people want to be blessed by Indra ?

(14.3) Why did the people wish for fine sons ?

(14.4) Mention the Rigveda Mantra given in the passage. How is it used in today's 'Hindu Society' ?

**15.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**मुग़ल सेना के साथ यात्रा**

बर्नियर ने कई बार मुग़ल सेना के साथ यात्राएँ की । यहाँ सेना के कश्मीर कूच के सम्बन्ध में दिए गए विवरण से एक अंश दिया जा रहा है :

> इस देश की प्रथा के अनुसार मुझसे दो अच्छे तुर्कमान घोड़े देखने की अपेक्षा की जाती है और मैं अपने साथ एक शक्तिशाली फ़ारसी ऊँट तथा चालक, अपने घोड़ों के लिए एक साईस, एक खानसामा तथा एक सेवक जो हाथ में पानी का पात्र लेकर मेरे घोड़े के आगे चलता है, भी रखता हूँ । मुझे हर उपयोगी वस्तु दी गई है जैसे औसत आकार का एक तंबू, एक दरी, चार बहुत कठोर पर हलके बेतों से बना एक छोटा बिस्तर, एक तकिया, एक बिछौना, भोजन के समय प्रयुक्त गोलाकार चमड़े के मेज़पोश, रँगे हुए कपड़ों के कुछ अंगौछे/नैपकिन, खाना बनाने के सामान से भरे तीन छोटे झोले जो सभी एक बड़े झोले में रखे हुए थे, और यह झोला भी एक लंबे-चौड़े तथा सुदृढ़ दुहरे बोरे अथवा चमड़े के पट्टों से बने जाल में रखा है । इसी तरह इस दुहरे बोरे में स्वामी और सेवकों की खाद्य-सामग्री, साम्राज्य कपड़े तथा वस्त्र रखे गए हैं । मैंने ध्यानपूर्वक पाँच या छह दिनों के उपभोग के लिए बढ़िया चावल; सौंफ (एक प्रकार का शाक/पौधा) की सुगंध वाली मीठी रोटी, नींबू तथा चीनी का भंडार साथ रखा है । साथ ही मैं दही को टाँगने और पानी निकालने के लिए प्रयुक्त छोटे, लोहे के अंकुश वाला झोला लेना भी नहीं भूला हूँ । इस देश में नींबू के शरबत और दही से अधिक ताज़गी भरी वस्तु कोई नहीं मानी जाती ।

(15.1) बर्नियर कौन था ? वह मुग़ल साम्राज्य में क्यों आया ? *2*

(15.2) मुग़ल सेना के साथ यात्रा करते समय बर्नियर से अपने साथ किन वस्तुओं के रखने की अपेक्षा की गई ? *2*

(15.3) बर्नियर को दी गई उन उपयोगी वस्तुओं का उल्लेख कीजिए, जब उसने सेना के साथ कश्मीर की यात्रा की । *3*

(15.4) उन दो वस्तुओं का उल्लेख कीजिए, जिन्हें भारत में ताज़गी भरी वस्तुएँ माना जाता है । *1*

**अथवा**

## विशाल, फैला हुआ शहर

यह डोमिंगो पेस द्वारा लिखे गए विजयनगर शहर के वर्णन से लिया गया एक उद्धरण है :

> इस शहर का परिमाप मैं यहाँ नहीं लिख रहा हूँ क्योंकि यह एक स्थान से पूरी तरह नहीं देखा जा सकता, पर मैं एक पहाड़ पर चढ़ा जहाँ से मैं इसका एक बड़ा भाग देख पाया । मैं इसे पूरी तरह से नहीं देख पाया क्योंकि यह कई पर्वत शृंखलाओं के बीच स्थित है । वहाँ से मैंने जो देखा वह मुझे रोम जितना विशाल प्रतीत हुआ, और देखने में अत्यंत सुन्दर; इसमें पेड़ों के कई उपवन हैं, आवासों के बगीचों में, तथा पानी की कई नालियाँ जो इसमें आती हैं, तथा कई स्थानों पर झीलें हैं; तथा राजा के महल के समीप ही खजूर के पेड़ों का बगीचा तथा अन्य फल प्रदान करने वाले वृक्ष थे ।

(15.1) डोमिंगो पेस शहर के एक बड़े भाग को कहाँ से देख सका ? *1*

(15.2) वह पूरे शहर को क्यों नहीं देख पाया ? *2*

(15.3) विजयनगर शहर की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3*

(15.4) लेखक ने इसकी तुलना रोम से किस प्रकार की ? *2*

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

## Travelling with the Mughal army

Bernier often travelled with the Mughal army. This is an excerpt from his description of the army's march to Kashmir :

> I am expected to keep two good Turkoman horses, and I also take with me a powerful Persian camel and driver, a

groom for my horses, a cook and a servant to go before my horse with a flask of water in his hand, according to the custom of the country. I am also provided with every useful article, such as a tent of moderate size, a carpet, a portable bed made of four very strong but light canes, a pillow, a mattress, round leather table-cloths used at meals, some few napkins of dyed cloth, three small bags with culinary utensils which are all placed in a large bag, and this bag is again carried in a very capacious and strong double sack or net made of leather thongs. This double sack likewise contains the provisions, linen and wearing apparel, both of master and servants. I have taken care to lay in a stock of excellent rice for five or six days' consumption, of sweet biscuits flavoured with anise (a herb), of limes and sugar. Nor have I forgotten a linen bag with its small iron hook for the purpose of suspending and draining *dahi* or curds; nothing being considered so refreshing in this country as lemonade and *dahi*.

(15.1) Who was Bernier ? Why did he come to the Mughal Empire ?

(15.2) What was Bernier expected to keep with him while travelling with the Mughal army ?

(15.3) Mention the useful articles provided to Bernier while he travelled with the army to Kashmir.

(15.4) Mention two things considered refreshing in India.

**OR**

### A Sprawling City

This is an excerpt from Domingo Paes's description of Vijayanagara :

> The size of this city I do not write here, because it cannot all be seen from any one spot, but I climbed a hill whence I could see a great part of it; I could not see it all because it lies between several ranges of hills. What I saw from thence seemed to me as large as Rome, and very beautiful to the sight; there are many groves of trees within it, in the gardens of the houses, and many conduits of water which flow into the midst of it, and in places there are lakes; and the king has close to his palace a palm-grove and other rich fruit-bearing trees.

(15.1) From where could Domingo Paes see a greater part of the city ?

(15.2) Why could he not see the whole city ?

(15.3) Describe the main features of the city of Vijayanagara.

(15.4) How did the author compare it with Rome ?

**16.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**समाचार-पत्र में छपी रिपोर्ट**

'रैयत और साहूकार' शीर्षक नामक निम्नलिखित रिपोर्ट 6 जून, 1876 के 'नेटिव ओपीनियन' नामक समाचार-पत्र में छपी और उसे मुंबई के नेटिव न्यूज़पेपर्स की रिपोर्ट में यथावत उद्धृत किया गया (हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत है) :

> "वे (रैयत) सर्वप्रथम अपने गाँवों की सीमाओं पर यह देखने के लिए जासूसी करते हैं कि क्या कोई सरकारी अधिकारी आ रहा है और अपराधियों को समय रहते उनके आने की सूचना दे देते हैं । फिर वे एक झुंड बनाकर अपने ऋणदाताओं के घर जाते हैं और उनसे उनके ऋणपत्र और अन्य दस्तावेज़ माँगते हैं और इनकार करने पर ऋणदाताओं पर हमला करके छीन लेते हैं । यदि ऐसी किसी घटना के समय कोई सरकारी अधिकारी उन गाँवों की ओर आता हुआ दिखाई दे जाता है तो गुप्तचर अपराधियों को इसकी ख़बर पहुँचा देते हैं और अपराधी समय रहते ही तितर-बितर हो जाते हैं ।"

(16.1) अनुच्छेद के आधार पर रैयत और साहूकारों के बीच सम्बन्ध स्थापित कीजिए । *2*

(16.2) रैयतों ने सरकारी अधिकारियों की किस प्रकार जासूसी की ? *2*

(16.3) सरकारी अधिकारियों को देखने पर रैयतों की प्रतिक्रिया क्या थी ? *2*

(16.4) साहूकार गाँवों से प्रायः क्यों भाग जाते थे ? *2*

**अथवा**

**हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे**

बम्बई की हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए न्याय की माँग की, आरक्षित सीटों की नहीं और न ही पृथक् चुनाव क्षेत्र की ।

> हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे । हमने सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय की माँग की है । हमने उस बराबरी की माँग की है जिसके बिना पारस्परिक आदर और समझ नहीं बन सकते, जिसके बिना पुरुष और महिला के बीच वास्तविक सहयोग संभव नहीं है ।

(16.1) हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए क्या माँग की ? *3*

(16.2) महिलाओं को किस प्रकार सशक्त बनाया जा सका ? *2*

(16.3) पुरुषों और महिलाओं के बीच परस्पर आदर का आधार क्या हो सका ? *3*

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

**A newspaper report**

The following report, titlted 'The ryot and the moneylender', appeared in the *Native Opinion* (6 June 1876), and was quoted in *Report of the Native Newspapers of Bombay* :

> "They (the *ryots*) first place spies on the boundaries of their villages to see if any Government officers come, and to give timely intimation of their arrival to the offenders. They then assemble in a body and go to the houses of their creditors, and demand from them a surrender of their bonds and other documents, and threaten them in case of

> refusal with assault and plunder. If any Government officer happens to approach the villages where the above is taking place, the spies give intimation to the offenders and the latter disperse in time."

(16.1) On the basis of the passage, establish the relationship among the ryots and the moneylenders.

(16.2) How did ryots spy on Government officers ?

(16.3) What was the reaction of ryots on seeing a Government officer ?

(16.4) Why did moneylenders often flee from the villages ?

## OR

### We have never asked for privileges

Hansa Mehta of Bombay demanded justice for women, not reserved seats, or separate electorates.

> We have never asked for privileges. What we have asked for is social justice, economic justice, and political justice. We have asked for that equality which alone can be the basis of mutual respect and understanding, without which real cooperation is not possible between man and woman.

(16.1) What did Hansa Mehta demand for women ?

(16.2) How could women be empowered ?

(16.3) What could be the basis for mutual respect among men and women ?

## खण्ड ङ
## PART E

### (मानचित्र प्रश्न / Map Question)

**17.** (17.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए : *2*

(क) लोथल

(ख) बीजापुर

(17.2) इसी मानचित्र में 'भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन' से सम्बन्धित तीन स्थान 1, 2 और 3 अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए । *3*

(17.1) On the given political outline map of **India** (on page 19), locate and label the following :

(a) Lothal

(b) Bijapur

(17.2) On the same map, three places related to Indian National Movement have been marked as 1, 2 and 3. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए (प्र. सं. 17) के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are only for **Visually Impaired Candidates** in lieu of Q. No. 17 :*

(17.1) गुजरात में किसी एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल का नाम बताइए । *1*

(17.2) कृष्णदेव राय के शासनकालीन राजधानी शहर का नाम बताइए । *1*

(17.3) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से सम्बन्धित किन्हीं तीन स्थानों के नाम बताइए । *3*

(17.1) Name any one mature Harappan site in Gujarat.

(17.2) Name the capital city under the rule of Krishnadeva Raya.

(17.3) Name any three places related with Indian National Movement.

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**

